प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि रोज़गार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और विकसित भारत के निर्माण में उनका सक्रिय सहयोग लेने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया मानती है कि भारत की दो असीम शक्तियाँ हैं, एक उसकी जनसांख्यिकी और दूसरा उसका लोकतंत्र। प्रधानमंत्री आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों में इक्यावन हज़ार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद रोज़गार मेले को संबोधित कर रहे थे। नवनियुत कर्मियों को बधाई देते हुए, श्री मोदी ने कहा कि सरकार की रोज़गार मेला पहल से लाखों युवा केंद्र सरकार में स्थायी नौकरियां हासिल कर चुके हैं। प्रधानमंत्री ने देश में विकसित हो रहे स्टार्टअप, नवाचार और अनुसंधान के बढ़ते इको सिस्टम का भी उल्लेख किया, जो देश के युवाओं की क्षमताओं को बढ़ा रहा है। निजी क्षेत्र में रोज़गार के नये अवसर जुटाने पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि हाल ही में रोज़गार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि इस पहल के लिए सरकार ने लगभग एक लाख करोड़ रुपए आवंटित किए हैं और इससे साढे तीन करोड़ रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी।

———————————————————

इधर, समस्तीपुर में आयोजित रोजगार मेले में केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर ने इकहत्तर अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

———————————————————

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का काम सुचारू रूप से जारी है। निर्वाचन आयोग के अनुसार अबतक पांच करोड़ सत्तासी लाख से अधिक मतदाताओं के गणना फॉर्म एकत्र किए जा चुके हैं। यह संख्या कुल मतदाताओं का चौहत्तर दशमलव तीन–नौ प्रतिशत है। चार में से तीन मतदाताओं ने अपने प्रपत्र जमा कर दिये हैं। गणना फार्म जमा करने में अभी तेरह दिन शेष हैं। इस बीच, आयोग ने

कहा है कि मतदाता विशेष सघन पुनरीक्षण प्रक्रिया अभियान के दूसरे चरण में बूथ लेवल अधिकारी–बीएलओ मतदाताओं से गणना फॉर्म एकत्र करने के लिए बीस जुलाई से फिर घर–घर जायेंगे। इधर, गणना प्रपत्र जमा करने के लिए आज से सभी मतदान केन्द्रों पर दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है।

———————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन के घटक दलों की बैठक आज पटना में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के आवास पर हो रही है। समन्वय समिति के साथ–साथ सभी उप समितियों की भी आज बैठक होनी है। बैठक से पहले कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने कहा कि आज सीटों के बंटवारे को लेकर मुख्य रूप से चर्चा होगी। साथ ही विधानसभा चुनाव में गठबंधन कैसे मजबूती के साथ सभी सीटों पर चुनाव लड़े, इस पर भी चर्चा होगी। बैठक में राजद से तेजस्वी प्रसाद यादव, अब्दुल बारी सिद्दीकी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, शकील अहमद खान, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी और वाम दलों के नेता शामिल हो रहे हैं।

———————————————————————

भाकपा माले ने कहा है कि उनकी पार्टी बिहार विधासभा चुनाव में चालीस से पैंतालीस सीटों पर अपनी दावेदारी पेश करेगी। पार्टी के राज्य सचिव कुणाल ने बेगूसराय में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत जारी है।

———————————————————————

राज्य में मानसून पूरी तरह कमजोर पड़ गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान मौसम पूरी तरह शुष्क बना रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कैमूर और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। वहीं, राज्य के पश्चिमी और दक्षिण–मध्य भागों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश की संभावना है। विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक राज्य के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।